श्रीमती रामदुलारी सिन्हा : माननीय सदस्य का जो विचार है वह वर्क्स ऐंड हाउसिंग मिनिस्ट्री से संबंधित है ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be parsed." *The* motion *was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put the Motion moved by Smt. Ram Dulari Sinha regarding consideration of the Punjab Municipal (New Delhi Amendment) Bill, 1984 to vote.

The question is:

"That the Bill further to amend the Punjab Municipal Act, 1911, as in force in New Delhi, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion *was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 *to* 15 *were* added to the *Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRIMATI RAM DULARI SINHA: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question *was put and the motion was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put the motion moved by Shri Mallikarjun regarding the Delhi Development (Amendment) Bill, 1984 to vote. The question is:

"That the Bill further to amend J the Delhi Development Act, 1957, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion *was adopted.* MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 *to* 11 *were added to the Bill.*

Clause 1, the *Enacting* Formula and the *Title were added to the Bill.*

SHRI MALLIKARJUN. Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill further to amend the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted. MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now we take up clause-by-clause consideration.

Clauses 2 to 10 *were added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MALLIKARJUN: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

The question urns put *and the motion was adopted.*

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF 'INDUSTRY— (Contd.)

MR. DEPUTY CHAIRMAN. Now further discussion on the working of the Ministry of Industry raised by Shri Hukmdeo Narayan Yadav. Shri Vithalrao Madhavrao Jadhav will continue—not there. Shri Sukomal Sen—not there; Dr. Bapu Kaldate or Shri S. C. Mohunta—not there; Shri Ashwani Kumar—not there; Shri Kalyan Roy—not there. Shri Rama-nand Yadav.

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : मान्यवर, मैं उद्योग विभाग के सम्बन्ध में अपने विचार सदन के सामने रखना चाहता हूं ।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा)**, पीठासीन हुईं।]

महोदया, उद्योग विभाग बड़े ही कुशल मंत्री जी के हाथों में है जिनका प्रशासन का अनुभव बहुत पुराना है और विचार भी ऐसा है कि समान रूप से सारे देश के विषय में व चिन्तन करते हैं। एक बात इनमें यह भी है कि जो पिछड़े हुये लोग हैं और पिछड़े इलाके हैं उनकी ये बहुत मदद करते हैं।

महोदया, नेहरू जी ने जब इंडस्ट्रियल पालिसी की नींव डाली थी तो उनके सामने एक बहुत बड़ा कांसेप्ट था। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडस्ट्री के सम्बन्ध में उनके मन में बहुत बड़ा कांसेप्ट था क्योंकि वह एक समाजवादी वातावरण में पैदा हुये थे। उनका विचार था कि सोशलिस्ट इंडिया बनाया जाए और जल्दी से जल्दी पश्चिमी देशों के समकक्ष अपने देश को किसी न किसी तरह से इंडस्ट्रियलाइज किया जाए। तो उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र और प्राइवेट क्षेत्र, अर्थात् पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर, दोनों के रोल को विजुअलाइज किया था कि वे दोनों साइड बाई साइड अपना रोल प्ले कर सकते हैं। उन्होंने पब्लिक सेक्टर को प्रधानता दी थी और उसके आधार पर उन्होंने इंडस्ट्रियल डवलपमेंट की नींव डाली थी। मान्यवर, उन दिनों में पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग को अधिक से अधिक खोलने की बात थी और वे खोली गईं और कुछ इंडस्ट्रीज को तो केवल सरकार ही खोल सकती थी। उसमें प्राइवेट सेक्टर अलाउड नहीं था। उसी के अनुसार नेहरू जी के टाइम में इंडस्ट्रियल रेजलूशन पास हुआ पार्लियामट द्वारा और उसमें इंडस्ट्री को दो भागों में विभक्त किया गया। शेड्यूल बन में उन इंडस्ट्रीज को रखा जो केवल सरकार ही खोल सकती है और बाकी कुछ आइटम्स जो इंडस्ट्रीज के थे उसे प्राइवेट सेक्टर को दे दिये। वैसे आपका जितना लड़ाई का सामान बनने वाला था, हथियार बनने वाले थे, उस सेक्टर में प्राइवेट इंडस्ट्री को एलाऊ नहीं किया। उसमें उन्हें पहुंचने ही नहीं दिया। महोदया, यह भी सोचा गया था कि 49 और 51 की रेशों रखकर सामूहिक रूप से सरकारी और प्राइवेट सेक्टर दोनों ही इंडस्ट्री चलायें, इसका भी एक्सपेरीमेंट किया गया। मान्यवर, यह भी सोचा गया था कि कोई भी डवलपमेंट हो, इंडस्ट्री देश में फैले वह ठीक ढंग से, प्लांड तरीके से हो। किस ऐरिया में इस इंडस्ट्री को होना चाहिये, कितने पैसे की लागत की होनी चाहिये, इन सारी चीजों पर विचार हुआ था। फिर यह सोचा गया था कि जो एरिया काफी अनडेवलप्ड हैं उन एरिया को भी डेवलप्ड किया जाये। यह सब बातें सोच समझ कर नेहरू जी के जमाने में इंडस्ट्रियल पालिसी तय हुई। कुछ दिनों तक यह पालिसी चली और काफी सार्वजनिक क्षेत्र का विकास हुआ, उसकी काफी प्रगति हुई। काफी पैसा भी लगा। लेकिन बाद में सरकार का भी ध्यान इस क्षेत्र से इस सेक्टर से घटना शुरू हुआ। आज पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स की स्थिति जो है उसमें बाद में आऊंगा। जो बैकवर्ड एरियाज के डवलपमेंट की बात है इस पर अपने थोड़े से विचार व्यक्त करना चाहता हूं। अभी उत्तर प्रदेश के बहुत से ऐसे इलाके हैं, जैसे उत्तर प्रदेश का पूर्वी हिस्सा, बिहार का उत्तरी हिस्सा, पूर्वांचल का असम, मिजोरम, नागालैंड, ये जो स्टेट्स हैं और बहुत से हिल्ली एरियाज जो उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में आते हैं, पूर्वी हिस्से में आते हैं, बिहार के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सेमें आते हैं वे काफी अनडवलप्ड हैं। ऐसी सूरत म इन एरियाज में डवलपमेंट की तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया। मैं आपको बताऊंगा कि लाइसेंस जो पिछले वर्षों में इशू हुए उसमें महाराष्ट्र को 171 लाइसेंस मिले, पंजाब को 169 लाइसेंस मिले, गुजरात को 115 लाइसेंस मिले। उसी तरह वेस्ट बंगाल को 171 लाइसेंस मिले जबकि 82 में 27 ही मिले थे। आन्ध्र को 63 मिले जबकि 82 में उसे 26 मिले। एरियावाइज

[श्री रामानन्द यादव]

देखा जाए तो जो अधिक विकसित हैं उनको अधिक लाइसेंस मिले। मध्य प्रदेश जो विकसित नहीं है उसको कम मिले। उत्तर प्रदेश जो अधिक विकसित नहीं हैं उसको भी कम मिले। जो गढ़वाल का इलाका है, पहाड़ी क्षेत्र हैं, पूर्वी इलाका उत्तर प्रदेश का हैं, वहां सूखा पड़ता हैं, वहां लोग भूखे मरते हैं, बिहार का जो उत्तरी हिस्सा हैं वहां पर हर साल बाढ़ आती हैं, कोई इंडस्ट्री वहां नहीं हैं। इक्का दुक्का शुगर का कारखाना हैं। अभी भी एक वर्ग मील में पांच हजार आदमी रहते हैं। आप सोच सकते हैं कि किस तरह से वहां गुरबत हैं। उस इलाके में कोई इंडस्ट्री खड़ी नहीं हो सकी हैं। उन इलाकों को इंडस्ट्री खोलने के लाइसेंस नहीं दिये गये। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि जो बैकवर्ड एरियाज हैं उन पर सरकार का जरूर ख्याल रहना चाहिए। क्योंकि शरीर के सारे अंग विकसित नहीं होंगे, एक ही अंग को विकसित कर देंगे तो शरीर स्वस्थ रूप से काम नहीं कर सकेगा। यह भी कहा गया था कि स्माल स्केल इंडस्ट्री को भी काफी प्रश्रय दिया जायेगा क्योंकि इस स्माल स्केल इंडस्ट्री में काफी लोगों को खपत हो सकती थी। यह भी कहा गया था कि घरेलू उद्योग धंधों को भी प्रश्रय दिया जायेगा। इंडस्ट्रीयल पालिसी के अंदर यह भी सोचा गया था।

हमारे घरेलू उद्योग—धन्धों के विषय में श्री लुकमदेव नारायण यादव जी ने काफी चर्चा की हैं। हमारे देश में जितने भी घरेलू उद्योग—धंधे थे वे काफी हद तक खत्म होते जा रहे हैं। स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के विषय में मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि इस दिशा में जिस गति से प्रगति होना चाहिए थी उतनी गति से प्रगति नहीं हुई हैं। इसका कारण मुझे लगता हैं कि मंत्री जी के और डिपार्टमेंट के प्रयास करने के बावजूद जो लोग स्माल स्केल इंडस्ट्री में लगे हुए हैं उनकी स्वार्थपरता और उनकी निष्क्रियता के कारण इस दिशा में वांछित प्रगति नहीं हुई हैं। वे लोग बहुत जल्दी धनी होना चाहते हैं। इस प्रवृत्ति के कारण स्माल स्केल इंडस्ट्री इस देश में बहुत प्रगति नहीं कर पाई हैं। फिर भी स्माल स्केल इंडस्ट्री ने काफी प्रगति की हैं। आज जरूरत इस बात की हैं कि कुछ ऐसे ग्राइटम्स इसमें रखने की जरूरत हैं जिनको अभी तक आप नहीं रख पाये हैं। आज स्थिति यह हैं कि जो बड़े बड़े मल्टी नेशनल्स हैं उनको छोटी छोटी चीजें बनाने के लिए भी लायसेंस दिये गये हैं। उनको ये चीजें बनाने के लिए एलाऊ नहीं करना चाहिए। जैसे सिलाई बनाने के लिए उनको लायसेंस दिये गये हैं। मैं मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि जहां पर आपने इन मल्टी नेशनल्स को छोटी छोटी चीजें बनाने के लिए भी एलाऊ कर दिया है इनको आप रोकिए और इनकी व्यवस्था कीजिए कि ये चीजें स्माल स्केल सैक्टर में जायें। आप जानते हैं कि स्माल स्केल इंडस्ट्री इस देश में करीब 35 हजार करोड़ रुपये की आमदनी करती है और इसमें करीब 29 लाख लोग काम करते हैं। अभी स्थिति यह है कि इसमें और भी अधिक लोगों को काम करने की सुविधा दी जा सकती है। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता हैं कि काफी इंडस्ट्रीज जो स्माल स्केल सैक्टर में हैं उनको सिक घोषित कर दिया गया है। इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे एक कमेटी का निर्माण करें जो इस बात की जांच करे कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में इतने बड़े पैमाने पर सिकनेस क्यों हो गयी हैं? आजकल यह बात आम हो गई है कि इंडस्ट्री तो खोल दी जाती हैं और लोग सोचते हैं कि सरकार से पैसा मिल

जायगा, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से पैसा मिल जायेगा, बैंकों से पैसा मिल जायेगा, इसलिये इंडस्ट्री को सिक घोषित करने में फायदा है। जब उनको पैसा मिलता है तो वे उस पैसे को दूसरी जगह डायवर्ट कर देते हैं। यही कारण है कि आज अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज को सिक घोषित कर दिया जाता है। इसलिये आवश्यकता इस बात की है कि सरकार का स्माल स्केल इंडस्ट्रीज पर अधिक से अधिक नियंत्रण होना चाहिये। आपको यह सुन कर ताज्जुब होगा कि करीब 30 हजार स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को इस देश में सिक घोषित कर दिया गया है। इन उद्योगों को फिर से स्वस्थ बनाने के लिये आपको कुछ करना पड़ेगा।

माननीय, बिग इंडस्ट्रीज भी इस देश में काफी बढ़ रही हैं। आपने एम० आर० टी० पी० एक्ट में एमेंडमेंट किया। इसके माध्यम से आपने इस देश के बड़े बड़े उद्योगपतियों को सुविधा प्रदान कर दी कि वे अपनी कैपेसिटी बढ़ा सकते हैं, प्रोडक्शन बढ़ा सकते हैं। एम० आर० टी० पी० एक्ट के अन्दर जो प्रोविजन थे उनमें आपने काफी ढील दे दी है। मैं यह जानना चाहता हूं कि बड़े पूंजीपतियों को यह ढील दिये जाने से क्या कोई फायदा हुआ है? मुझे ऐसा लगता है कि आपने इस एमेंडमेंट के पीछे यह सोचा था कि एम० आर० टी० पी० एक्ट में अमेंडमेंट करके आप इंडस्ट्रीज की कैपेसिटी यूटिलाइजेशन को बढ़ाना चाहते हैं जिससे फारेन एक्सचेंज कमाया जा सके और देश में उत्पादन बढ़ाया जा सके। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इसमें आपको सफलता मिली है? मुझे ऐसा लगता है कि आपको इसमें सफलता नहीं मिली है। बड़े बड़े पूंजीपति इस छूट का फायदा उठा रहे हैं और पहले जो कंट्रोल था उसमें ढील होने के कारण वे मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। आपका काफी पैसा इनकम टैक्स का बकाया पड़ा हुआ है, कैपेसिटी यूटिलाइजेशन भी इस ढंग से नहीं होता। मुझे तो ऐसा लगता है कि बड़े-बड़े जो हाउसेज हैं, हिन्दुस्तान के, उन्हीं के डिक्टेशन पर यह होता है, सारी इंडस्ट्रीज चलती है। वह जिस तरह से चाहते हैं सरकार से काम करा लेते हैं। आपने जितने कानून बनाये हैं वे उनका उल्लंघन करते हैं। फिर भी आप उन पर ठीक प्रकार से नियन्त्रण नहीं कर पाते। इस बात की ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये। आपने उनको डिफरेंट कंसेशंस दिये। लेकिन इससे क्या हुआ? बहुत से इंडस्ट्रियलिस्ट ऐसे हैं जो कि मोनोपोली ढंग से काफी लाइसेंस ले लेते हैं और एक ही इंडस्ट्री के लाइसेंस कई जगह ले लेते हैं और लाइसेंस एक्वायर करके रख लेते हैं। उसके लिये जो टाइम लाग देते हैं उसके अंदर खोलते नहीं हैं। ऐसे लोग जिनके पास काफी मात्रा में लाइसेंस हैं, इसके लिये एक विदिन बोस कमेटी बनी थी, इसको देखने के लिये, उसका क्या रिजल्ट निकला? यह आपको देखना चाहिये कि ऐसे लोग जो लाइसेंस लेकर बैठे हुये हैं और कारखाने खोलने के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उस अवधि, निर्धारित अवधि के अन्दर कारखाना नहीं खोलते हैं उनके ऊपर कड़ा से कड़ा कार्यवाही होनी चाहिये।

माननीय महोदया, अब मैं अपने स्टेट के संबंध में कुछ कहना चाहता हूं। महोदया, बिहार में बरौनी रिफाइनरी बनी। बरौनी में यह रिफाइनरी पब्लिक सैक्टर में बनी और सरकार ने एक कमेटी बनाई इस बात का जांच करने के लिये कि क्या वहां पेट्रो-केमिकल कम्प्लेक्स बनाया जा सकता है। महोदया, उस कमेटी ने निर्णय दिया कि वहां पेट्रो-केमिकल कम्प्लेक्स बनाया जा सकता है। लेकिन अफसोस है और मैं क्या नहीं सकता कि क्यों सरकार ने बरौनी को छोड़कर इस कम्प्लेक्स के लिये बड़ौदा को चुन लिया और बड़ौदा में पेट्रो-केमिकल कम्प्लेक्स बना गया। फिर पेट्रो केमिकल कम्प्लेक्स की बात आई। सरकार

[श्री रामानन्द यादव]

ने एक कमेटी बनाई, उसने भी निर्णय दिया कि सिक्स्थ फाइव ईयर प्लान में बरौनी में यह कम्पलेक्स बने, लेकिन उसको बरौनी में न खोल करके कुवालो कोई जगह है वहां खोल दिया। महोदया, सेकंड टाइम भी कमेटी बनी थी 1976 में, उसने बरौनी के लिये कहा और सरकार ने ईस्टर्न इंडिया को फैसिलिटीज देने के लिये और कारखाना खोलने के लिये रेकमेंड किया और बरौनी को इसके लिये सूटेबल जगह समझा। वहां की सरकार ने प्रोमिस किया कि हम जमीन दे देंगे और सारी फेसिलिटीज देंगे। लेकिन सरकार ने आज तक वहां काम नहीं किया। वह काम भी नहीं हुआ और वह भी शायद दूसरी जगह चला गया। (**समय की घंटी**) महोदया, . . .

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : आपने घंटी नहीं सुनी ?

श्री रामानन्द यादव : पांच मिनट।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : पांच मिनट नहीं आप एक मिनट में खत्म कीजिये। दूसरे मेम्बर भी अपनी-अपनी स्टेट के बारे में बोलना चाहेंगे।

श्री रामानन्द यादव : वहां से तेष्था कानपुर और गोरखपुर जा रहा है। यह बड़े अफसोस की बात है कि वह कानपुर और गोरखपुर क्यों जा रहा है जब कि वहां पर, बिहार में यह कारखाना लगाया जा सकता था। कानपुर की रिफाइनरी बाद में बनी। तो महोदया, मैं सरकार से चाहूंगा कि वह पट्रो-कैमिकल कम्पलेक्स जो बरौनी में बनना है उसको जल्दी से जल्दी इजाजत दी जाये और इस बारे में पुनर्विचार करे कि वहां पर कोल बेस्ड इंडस्ट्री लगाई जाये। कोल बेस्ट इंडस्ट्री स्टेट में एक थी वह भी फर्टिलाइजर की सिन्द्री में, उसको स्कैप कर दिया। अब कोल बैस्ड इंडस्ट्री को उस एरिया में फैक्ट्री लगाने के लिये जैसे कि हार्ड कोक बनाने के लिये और फर्टिलाइजर के लिये फिर सरकार ने निर्णय किया है। मैं चाहूंगा कि सरकार को इस पर विचार करना चाहिये। महोदया, 40 प्रतिशत कोयला बिहार में बचा होता है, उसका काफी वैस्ट होता है। उस वैस्ट कोल से वेस्टइंडस्ट्री खड़ी हो सकती है, आयल बनाया जा सकता है, हाइ पावर डीजल में मिलाकर जिसका उपयोग ट्रांसपोर्ट में हो सकता है। मेथानोल भी बनाया जा सकता है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : बिहार के दूसरे स्पीकर्ज हैं वे भी बिहार के बारे में बोलेंगे।

श्री रामानन्द यादव : महोदया, बागास बेस्टपेपर फैक्ट्री बनाने की बात बहुत दिनों से उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में और बिहार के उत्तरी जिलों में थी। एक जापानी टीम भी आई उसने अन्वेषण भी किया छानबीन की और फैसला किया कि बेतिया बिहार का एक ऐसा जिला है जहां बागास बेस्ड फैक्टरी खड़ी की जा सकती है लेकिन न मालूम क्यों उसको छोड़ दिया गया है। इस प्रोजेक्ट्स से 250 टन पेपर पैदा हो सकता है। (**समय की घंटी**) महोदया, हमने इस सदन में बार-बार सरकार से प्रार्थना की है कि भविष्य में जो एटोमिक प्लांट बनने वाला है वह बिहार के जादूगुड़ा स्थान पर होना चाहिये क्योंकि वहां पर यूरेनियम जो इस प्लांट के लिये आवश्यक है वह सिंहभूम जिले में काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिये एटोमिक पावर प्लांट वहीं पर बैठाना चाहिये। (**समय की घंटी**) हमारे यहां लोहा बहुत मिलता है और लोहा बेस्ड कारखाना भी स्टील का खोलें जिसके लिये अभी दूसरा कारखाना खोलने वाले हैं तो मनोहरपुर में स्टील का कारखाना खुलना चाहिये ताकि बिहार के लोगों को यह इंडस्ट्री मिल सके और हमारा पिग आइरन. . . (**समय की घंटी**)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) : यादव जी, प्लीज अब बैठ जाइये।

श्री रामानन्द यादव : महोदया, रोलिंग मिल्ज का और सिनो स्टील प्लांट का मामला पड़ा हुआ है। मैं आप से आग्रह करूंगा कि कम से कम रोलिंग मिल का और सिनो स्टील प्लांट का जो इंटेंट पड़ा हुआ है आप उसको दे दें ताकि लोग अपना काम कर सकें। हमारे यहां जूट मिल भी कायम हो सकती है (समय की घंटी)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा) यादव जी अब आपको बैठना पड़ेगा।

श्री रामानन्द यादव : इन शब्दों के साथ मैं आपसे आग्रह करूंगा और यह कहना चाहूंगा कि आप इस ओर विशेष ध्यान दीजिये क्योंकि एक ही स्टेट के कुछ हिस्से है जो डेवलप्ड हैं और कुछ हिस्से हैं जो अनडेवलप्ड हैं जो हिस्से अनडेवलप्ड हैं उनकी ओर विशेष ध्यान दीजिये। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से, पश्चिम हिस्से और बिहार के उत्तरी हिस्से काफी अनडेवलप्ड हैं जहां पर आवश्यकता इस बात की है कि उद्योग कायम हों। वहां आबादी भी सबसे अधिक है। वहां भुखमरी भी होती है। काफी लोग भूखे मरते हैं। हर साल बाढ़ आती है; बाढ़ से पीड़ित होते हैं। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री राम भगत पासवान (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपके प्रति बहुत आभार प्रकट करता हूं, आपने मुझे बोलने का मौका दिया। महोदया, सरकार की कुशल नीति के चलते आज भारत ने काफी औद्योगिक क्षमता प्राप्त कर ली है। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व के भारत की कोटि-कोटि सर्वहारा दल को रोजी रोटी मिली है और रोजगार मिल रहा है मिलने जा रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री महोदया ने घोषणा की है अब हिन्दुस्तान में कोई व्यक्ति बे-रोजगार नहीं रहेगा और प्रत्येक परिवार में एक सदस्य को अवश्य रोजगार दिया जायेगा। मैं उद्योग मंत्री जी को भी बधाई देना चाहता हूं कि इन्होंने अपनी कुशलता अपनी कर्मठता से हिन्दुस्तान के जिले में जाकर के प्रखण्ड और ग्राम स्तर पर छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज का जाल बिछाने का निर्णय किया है। इसके लिये हम इनको धन्यवाद देना चाहते हैं। महोदया, 1948 में औद्योगिक नीति का संकल्प हमारे बीच प्रस्तुत किया गया था उसके अनुसार निर्णय किया गया था कि औद्योगिक विकास योजनाबद्ध तरीके से किया जायेगा। सरकार ने उसको पूरा किया और औद्योगिक विकास बहुत योजना-बद्ध तरीके से हुआ है। स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू, भूतपूर्व प्रधान मंत्री जी ने 1956 में औद्योगिक नीति की घोषणा की थी जिन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र को प्रायर्टी सेक्टर में रखा और उसको बढ़ावा दिया। महात्मा गांधी भी भारत के लिये इसी नीति को चाहते थे क्योंकि भारत की 80 प्रतिशत जनता गांवों में देहातों में रहती है इसलिये देहात में छोटे-छोटे उद्योग खुलें, घरेलू उद्योग खुलें, कुटीर उद्योग खुलें, सरकार ने इसी पालिसी को मानते हुये, सामने रखते हुये औद्योगिक विकास किया है। इसका सबूत यह है कि 1947 में जब हिंदुस्तान आजाद हुआ, तो पब्लिक सैक्टर के अन्दर सिर्फ पांच कम्पनियां थी और सिर्फ 29 करोड़ रुपया उन पर लगा हुआ था, लेकिन अब पब्लिक सैक्टर में जो कम्पनियां हैं, उनकी संख्या 223 हो गई है और उनतीस हजार करोड़ उन पर खर्च हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र हमारी सफलता का जीता-जागता उदाहरण है।

महोदया, मैं उद्योग मंत्री से यह भी आग्रह करना चाहूंगा कि इसमें जो प्रशासन है, इसका जो मैनेजमेंट है, वह सही ढंग से नहीं चल रहा है। नतीजा यह हो रहा है कि इसमें काफी घाटा हो रहा है। एक तरफ प्राइवेट सैक्टर दिन दुगुना और रात चौगुना होता जा रहा है और दूसरी तरफ जो आपका

[श्री राम भगत पासवान]

सार्वजनिक क्षेत्र है, उसमें घाटा ही घाटा हो रहा है। इसलिये इसका मेनेजमेंट ठीक ढंग से होना चाहिये और इसमें रिसर्च और डेवलपमेंट में काफी खर्चा किया जाना चाहिये ताकि वह पब्लिक सैक्टर में जो घाटा हो रहा है, वह नही हो। मेरे पास इस घाटे से संबंधित फिगर्ज हैं, 1979–80 में 445 करोड़ रुपया घाटा हुआ था, 1980–81 में 490 करोड़ और 1981–82 में 778 करोड़ रुपये का घाटा पब्लिक सैक्टर में हुआ था।

हमारा आग्रह है कि चूंकि इसमें जनता का पैसा लगा हुआ है, सरकार का पैसा लगा हुआ है, इसमें घाटे नहीं हों। इसका मेनेजमेंट अच्छा होना चाहिये, इसमें रिसर्च और डेवेलपमेंट पर ध्यान दिया जाना चाहिये, ताकि पब्लिक सैक्टर में घाटा नहीं हो।

अभी ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये आपने बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 4038 करोड़ रुपये दिये हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार के रोजगार दिये जायेंगे—जहां पहले यह था कि प्रत्येक प्रखण्ड से 600 परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाया जाएगा, वहां अब एक हजार परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाया जाएगा। अब ग्रामीण स्तर पर तो मैं समझता हूं कि रोजगार देने की गारंटी है, लेकिन उस गारंटी के साथ-साथ उसमें बहुत सी खामियां हैं, जिससे कि जनता उसका सही रूप से उपयोग नहीं कर रही है।

अब मैं कर्घा उद्योग के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। कर्घा उद्योग जो है, वह देहात में रोजगार के लिए बहुत मुख्य साधन है, लेकिन आप को मालूम होगा कि इसकी हालत बहुत दयनीय हो गई है। जहां हिन्दुस्तान भर में करोड़ों बुनकर इसमें लगे हुए हैं, वहां उनको जो काटन और सिल्क का सूत सप्लाई किया जा रहा है, उसके भी 25 प्रतिशत दाम बढ़ गये हैं,। इस पर भी वह उनको समय पर नहीं मिलता है। जो इसे सप्लाई करने वाले हैं, वह मुनाफे का अधिक से अधिक हिस्सा ले लेते हैं। बहुत से कर्घा उद्योग बन्द हो गये हैं।

इसलिए मैं आग्रह करूंगा कि कर्घा उद्योग पर ध्यान दिया जाए और देहाती एरिया के लिए जो यह रोजी-रोटी का प्रमुख साधन है, वह बंद नहीं होना चाहिए।

दूसरे बहुत से उद्योग-धंधे हैं, जिनमें पूंजिपति लोग क्या करते हैं कि उद्योग-धंधों से काफी फायदा उठा लेते हैं और बाद में वह उद्योग सिक हो जाता है और सिक होकर वह सरकार के ऊपर भार हो जाता है। सरकार की ऐसी नीति होनी चाहिए कि कोई इण्डस्ट्री सिक नहीं होनी चाहिए।

महोदया, अब मैं मंत्री महोदय का ध्यान उन बड़े-बड़े उद्योगों की तरफ दिलाना चाहता हूं जिनको आमदनी बढ़ती जा रही है। समाज में आर्थिक विषमता बढ़ती जा रही है और एक तरफ तो कर्घा बुनकर को देखते हैं और दूसरी तरफ टाटा, बिड़ला- डालमियां को देखते हैं। इस आर्थिक विषमता का कहां समावेश होगा, इसको देखकर हम चिंतित जरूर हैं और यह लोग क्या करते हैं कि स्माल सैक्टर में प्रवेश करके सरकार के द्वारा सारा संरक्षण प्राप्त करके जो स्माल सैक्टर की चीजें हैं, छोटे-छोटे उद्योग की चीजें हैं, जो छोटे-छोटे उद्योग वाले बनायेंगे—लेकिन अब इन्होंने उसमें प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

मैं पढ़ कर सुना देना चाहता हूं कि कौन-कौन सी फैक्ट्रिज हैं जो छोटे-छोटे उद्योग में प्रवेश कर गई हैं और उनको बर्बाद करने पर लगी हुई हैं और इससे कितने कारखाने बंद हो गये हैं। हाउस में

भी चर्चा हुई थी । आई० टी० सी० ने टाप ट्यूल्स इन्टरनेशनल को ले लिया है, इस के बाद विवेनी हैंडलूम्स को अपने हाथ में ले लिया है । उस के बाद टाटा ने सिस्को को ले लिया है और छोटे उद्योगों में जो सामान बनते थे उन को बनाना शुरू कर दिया है । उस के बाद जानसन एंड जानसन ने एथनोर डिवीजन को ले लिया है । इस के बाद सियाराम, जे० के०, बांगुर सारे छोटी इंडस्ट्री में प्रवेश कर गये हैं । छोटे उद्योग धन्धे को प्रोटेक्शन प्राप्त है । आप ने एक्ट पास किया है उस के लिए । लेकिन ये बिना लाइसेंस, बिना परमीशन छोटे उद्योग में प्रवेश कर रहे हैं । छोटे उद्योग वाले कहां जायेंगे । विनेज स्तर पर जो सामान बना रहे हैं वह कहां जायेंगे । इन पर आप कड़ी से कड़ी निगरानी रखिए । लारसेन टूब्रो और ग्लेक्सो छोटे-छोटे उद्योगों को हड़प रहे हैं । आप ऐसी नीति बनाइये, ऐसा संशोधन कीजिए कि बड़े-बड़े उद्योग छोटे उद्योग को हड़प न सके, उस में प्रवेश न करें । उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए । आप समाजवादी व्यवस्था चाहते हैं—एक तरफ पूंजीपति बढ़ रहे हैं दूसरी तरफ छोटे-छोटे रोजगार चलाने के लिए पूंजी नहीं मिल रहा है । टाटा, बिड़ला, डालमिया जितनी बड़ी-बड़ी कम्पनी हैं उन को नेशनलाइज कर लिया जाये ।

इस के साथ-साथ इन लोगों को स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन मशीन और प्लांट भी हायर-परचेज पर दे रहे हैं । देना चाहिए छोटे उद्योगों को, लेकिन बड़ी बड़ी कम्पनियां सरकारी फेसिलिटी प्राप्त कर रही हैं । यह बन्द होना चाहिए ।

इस के साथ-साथ मैं बिहार के बारे में कुछ कहना चाहूंगा । अशोक पेपर मिल का एक दल हमारे यहां आया है, मंत्री महोदय से भी मिला होगा । इस में 20 करोड़ की पूंजी लगी हुई है । आसाम सरकार और बिहार सरकार दोनों की साझेदारी से यह चलती थी, लेकिन मार्च 1982 में यह बन्द हो गई । तीन हजार मजदूर उस में काम कर रहे थे, लेकिन यह सिक हो गयी है । भारत सरकार से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि इस को टेक-ओवर कर लीजिए, नहीं तो एच० टी० सी० के माध्यम से चलवाइये । उत्तर बिहार में कोई इंडस्ट्री नहीं है । आप उत्तर बिहार के बारे में जानते हैं, उत्तर बिहार आप का प्रिय प्रान्त रहा है, वहां गरीबी है, प्रकृति के प्रकोप से वह पीड़ित है । अशोक पेपर मिल को आप कृपया अपने हाथ में ले लीजिए जिससे कि जो लोग बेकार हो गये हैं वे फिर रोजी-रोटी पर लग जायें मुजफ्फरपुर में ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्गेट अल्वा) : अब समाप्त कीजिए । बिहार पर वह बोल चुके हैं ।

श्री राम भगत पासवान : मैं वही कह रहा हूं जो उन्होंने नहीं कहा ।

मुझे चार-पांच मिनट और चाहिएं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्गेट अल्वा) : चार पांच मिनट नहीं दे सकती ।

श्री राम भगत पासवान : उत्तर बिहार बहुत पिछड़ा इलाका है । वहां हर साल बाढ़ आती है । मुजफ्फरपुर में भारत वैगन फैक्ट्री है । वैगन की डिमांड रेलवे की तरफ से आती है । रेलवे वैगनों की हालत बहुत खराब है । अभी वहां डेढ़ हजार आदमी एम्प्लायड है । कम से कम उस को दुगुनी-चौगुनी कर दीजिए । जिस से कि चार-पांच हजार आदमियों को एम्पलायमेंट मिल सके । इसलिए हमारा आग्रह है कि भारत वगन फैक्ट्री जो मुजफ्फरपुर

[श्री राम भगत पासवान]

में चल रही है उस के लिए आप अधिक जमीन एक्वायर कीजिए, उस को डबुल ट्रिपिल कर दीजिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को एम्पलायमेंट मिल सके। मिथिला हस्तकला केन्द्र में महिलायें ही इम्प्लायड हैं। उद्योग मंत्री जी को मालूम होगा कि अरबों रुपयों का फारेन मनी हम को उस से प्राप्त होता है और यह संस्था विभिन्न जगहों पर चल रही है और उस के प्रोडक्ट की विदेशों में काफी बिक्री है और वहां लोग उस को बहुत पसंद करते हैं। करोड़ों का फारेन मनी हम को उस से प्राप्त हो रहा है। लेकिन उसकी हालत बहुत दयनीय है। इस के लिये मेरी प्रार्थना है कि एक स्पेशल जांच समिति नियुक्त की जाय और उस की दशा को देख कर उस को पुनर्जीवित करने के लिये जमीन, पूंजी, घर आदि जो भी उस के पास कमी है उस को पूरा किया जाय ताकि मिथिला हस्त कला केन्द्र, जो अविकसित हालत में है, जिस की हालत दयनीय हो चुकी है वह ठीक हो सके। (समय की घंटी) मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा): समय बिलकुल नहीं है। आप खत्म कीजिए।

श्री राम भगत पासवान: बिजली बिहार में सप्ताह में 10, 5 घंटे के लिए ही रहती है तो वहां इंडस्ट्री कैसे चलेगी। बिजली का जब तक इंडस्ट्री से कोआर्डिनेशन नहीं होगा तब तक वहां की इंडस्ट्री पनप नहीं सकती। वहां इंडस्ट्री चल नहीं सकती। इसलिये बिजली की तरफ आप ध्यान दीजिए। रा मैटीरियल के बारे में कहना चाहता हूं कि बड़े पूंजीपति उस को एलाट करा लेते हैं लेकिन उन के पास फैक्टरी नहीं होती और फिर वे उस को ब्लैक मार्केट कर लेते हैं और जिन के पास फैक्ट्री है उन को रा मैटीरियल नहीं मिलता। इस की आप जांच कराइये और जिन के पास फैक्ट्री न हो उन को यदि रा मैटीरियल दे रहे हैं तो उस को कैंसिल करिये (समय की घंटी) मैं बताना चाहता हूं कि . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI MARGARET ALVA): I just want to say that it is not possible if every one of us is going to take so much time. There is a limit,Now there are 15 speakers from the Congress party. If it goes on like this, I just cannot manage time. *(Interrup-*

श्री राम भगत पासवान: अंत में दो तीन बातें कह कर मैं बैठ जाना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा): यह नहीं होगा। दूसरे स्टेट्स के लोग भी बोलना चाहते हैं। ऐसा नहीं है कि आप ही सारी बातें कह लेंगे। आपको मैं एक मिनट दे रही हूं, आप इसी में कन्क्लूड कीजिए।

श्री राम भगत पासवान: अनइम्प्लायड ग्रेजुयेट्स को जो बैंकों से ऋण मिलता है उस के लिये उन को पैसा देना पड़ता है। वे पैसा कहां से लायेंगे। आप ने उन के लिये 25 करोड़ रुपया सेंक्शन किया है लेकिन वह ऊंट के मुह में जीरे के समान है। वहां पर करोड़ों लोग अनइम्प्लायड हैं। इसलिये मैं चाहता हूं कि आप और रुपया सेल्फ इम्प्लायमेंट स्कीम के अंतर्गत अधिक राशि दीजिए ताकि लोगों को कुछ मदद मिल सके। मैं कहना तो बहुत कुछ चाहता था लेकिन गरीबों में जो अनइम्प्लायड महिलायें हैं उन को यह लोन अवश्य

मिलना चाहिए, जो पावर्टी लाइन के नीचे के लोग हैं उन को यह सहायता मिलनी चाहिए । उन को आप इंप्लायमेंट दीजिए । मैं अंत में आप का आभार प्रदर्शित करता हूं कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया ।

श्री घनश्याम सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, आज उद्योग मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में भाग लेने के लिये आप ने मुझे समय दिया इसके लिये मैं आप का अत्यन्त आभारी हूं । देश की प्रगति के लिये कृषि के विकास के साथ-साथ उद्योगों का विकास बहुत आवश्यक है । आज देश के व्यापक बेरोजगारी की समस्या को नये नये उद्योग स्थापित कर के ही दूर किया जा सकता हैं। सौभाग्य की बात हैं कि उद्योग मंत्रालय से जिम्मेदार विभाग का भार एक ऐसे कर्मशील नेता के हाथ में है जो आदरणीय पं० जवाहरलाल नेहरु जी के समय की घोषित नीति के आधार पर श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के नेतृत्व में उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु एक नयी दिशा दे रहे हैं जिस से पिछड़े क्षेत्रों में विश्वास हो गया है कि उन का औद्योगिक विकास होगा।

गत वर्ष पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिये शिवरामन कमेटी की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय हो जाने तक पिछड़े क्षेत्रों, विशेषकर उद्योग रहित जिलों में अधिक निवेश प्रेरित करने के लिये विद्यमान योजनाओं में संगत संशोधन किये जाने का निर्णय एक ऐसा निर्णय है जिससे औद्योगिक विकास के फल उन क्षेत्रों में जहां के लोगों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उन के क्षेत्र में उद्योग लगेंगे, उन को रोजगार के अवसर उत्पन्न होने लगे हैं तथा विकास हो रहा है। उद्योग मंत्रालय ने उद्योग रहित क्षेत्रों की संख्या 118 से बढ़ाकर 131 कर दी है । इस प्रकार के क्षेत्रों में उद्योग लगाने हेतु केन्द्रीय सहायता की राशि 15 प्रतिशत या 15 लाख से बढ़ा कर 25 प्रतिशत या 25 लाख कर दी है जिससे कि इस प्रकार के क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों को प्रेरित किया जा सके ।

4 P m

इसी प्रकार आपने, अन्य श्रेणी के क्षेत्रों में जो सहायता या राहत घोषि की है, उससे उन क्षेत्रों मे उद्योगों का भी विकास होगा । इसके साथ ही हमारे उद्योग मंत्री जी ने वित्त मंत्रालय के परामर्श से रियायती दर पर वित्तीय साधन दिलाने की योजनाएं तैयार कराई है जिनसे पिछड़े क्षेत्रों का विकास संभव हो सकेगा ।

श्रीमन्, दुर्भाग्य से आज यहां पर सुरेश कलमाडी जी नहीं है । मैंने कल उनको देखा था और प्रश्नोत्तर काल में उनका रूप देखा था । जब वह बोलते हैं तो ऐसा लगता है कि जैसे युद्ध करने के लिए आमादा हैं । वह जहां के रहने वाले हैं, महाराष्ट्र के, मैं महाराष्ट्र प्रदेश का जिक्र करना चाहता हूं । हम जानते हैं कि महाराष्ट्र में भी बहुत से क्षेत्र या जिले हैं जहां उद्योग कम है, लेकिन वह पूना के रहने वाले हैं । बम्बई, थाना से उनका वास्ता है । इसलिए मैं महाराष्ट्र के आंकड़े आपको देना चाहता हूं । वे जिस क्षेत्र में रहते हैं, महाराष्ट्र में' वहां पर कुल उद्योग 12300 हैं जिनमें से बम्बई में 6057 लगे हैं जो कि कुल महाराष्ट्र के उद्योगों का 48.50 प्रतिशत है । थाना में 1312 उद्योग लगे हैं जो कि कुल महाराष्ट्र का 10.61 प्रतिशत है । पूना में जहां के वे रहने वाले हैं वहां पर 1161 उद्योग लगे हुए हैं जो कि महाराष्ट्र का 9.39 प्रतिशत है । साथ

[श्री घनश्याम सिंह]

हो महाराष्ट्र में भी मराठवाडा के 5 जिले ऐसे हैं जहां केवल 3 प्रतिशत उद्योग लगे हुए हैं । तो सुरेश कलमाडी जो जिस क्षेत्र की बात कह रहे थे वहां विकास हो चुका है । मैं समझता हूं कि जिस क्षेत्र का विकास हो चुका है वहीं पर उद्योग लगाने की मांग करना न तो न्यायसंगत है और न ही अच्छा है । जब तक छोटे उद्योगों को पिछड़े हुए इलाकों में नहीं देंगे जहां उद्योग नहीं लगे हैं तब तक उनका विकास नहीं हो सकता है । इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय से कहूंगा कि वे इस ओर ध्यान दें । कुछ सदस्यों ने कहा था कि माननीय उद्योग मंत्री जी उद्योगपतियों पर दबाव डालते हैं और पिछड़े हुए इलाकों में उद्योग लगाने के लिए कहते हैं । मुझे पता नहीं उन्होंने ऐसा किया या नहीं, लेकिन मैं उनसे यह निवेदन जरूर करूंगा कि वे उद्योगपतियों को प्रेरित करें, उन पर दबाव डालें कि वे पिछड़े हुए क्षेत्रों में अपने उद्योग लगायें जिससे कि उन क्षेत्रों का विकास हो सके । इसलिए मैं चाहूंगा कि कुल 131 जिले ऐसे हैं जो कि उद्योग रहित हैं, अतः उद्योगपतियों पर दबाव डालकर उन सभी जिलों में उद्योग लगवा देंगे तभी आपकी औद्योगीकरण एवं देश के समुचित विकास की कल्पना पूरी हो सकेगी ।

श्रीमन्, बड़े-बड़े औद्योगिक घराने विभिन्न प्रकार के लाइसेंस पिछड़े हुए क्षेत्रों के नाम से ले लेते हैं और बाद में उनको अपनी सुविधा से दूसरी जगह स्थानान्तरित करा लेते हैं । आपने ऐसे लाइसेंसों को स्थानान्तरित न करने की शर्त लागू की है और ऐसा करने पर पाबन्दी लगाने की कोशिश की है, इसका मैं स्वागत करता हूं । लेकिन मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि छोटे उद्योगों को जहां के लिए स्वीकृति दें, वहीं पर उनको स्थापित करवायें । उनको स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए अन्यथा वहां उद्योग नहीं लग पायेंगे ।

श्रीमन्, उद्योग मंत्रालय के बारे में हमारे दोस्त कह रहे थे कि विकास नहीं किया । श्रीमन्, पिछले आंकड़े मैं बताना चाहता हूं । 1979 में उद्योग मंत्रालय ने कुछ क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए जहां 550 आशयपत्र दिए थे उनमें से पिछड़े क्षेत्रों के लिए 244 आशयपत्र थे जब कि उसके मुकाबले में पिछड़े क्षेत्रों का प्रतिशत 44.36 था विकसित क्षेत्रों की तुलना में । इसी तरीके से 1982 में आपने जो लाइसेंस दिए हैं उनकी संख्या 1043 है जिनमें से 583 लाइसेंस पिछड़े क्षेत्रों के लिए दिए गए हैं जो कि कुल लाइसेंसों का 56 प्रतिशत के करीब है । इसी तरीके से 1981 में आपने कुल 1055 लाइसेंस दिए जिनमें से 649 लाइसेंस आपने पिछड़े क्षेत्रों के लिए दिए और इस प्रकार पिछड़े क्षेत्रों का प्रतिशत बढ़कर 61 परसेंट हो गया है जिससे यह दिखाई पड़ता है कि आपकी औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति पिछड़े हुए क्षेत्रों को बढ़ावा देने की है । मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जो प्रतिशत जनता पार्टी में पिछड़े हुए क्षेत्रों का 44 प्रतिशत था वह आपने 61 प्रतिशत पर ला दिया है । मैं अनुरोध करूंगा कि आप ऐसी योजना बनायें कि 1 करोड़ से अधिक निवेश वाले उद्योग आप उस समय तक पिछड़े क्षेत्रों में ही लगायें जब तक कि आपके पिछड़े क्षेत्रों का प्रतिशत 75 तक न हो जाए ।

कल हमारे मित्र सुरेश कलमाडी साहब बोल रहे थे । उन्होंने कहा था कि उद्योग मंत्री ने अपना पूंजीनिवेश बढ़ाने के लिये जो विदेशों से कोलाबरेशन किया है,

150 उद्योगों ने किया है । उन्होंने यह भी कहा कि उसमें से 100 उत्तर प्रदेश में हैं । मुझे उनकी अक्ल पर रहम आता है कि कहां से ऐसी झूठी खबरें लाने की कोशिश करते हैं और सदन को गुमराह करने की कोशिश करते हैं जबकि यह इसके बिल्कुल विपरीत है । उत्तर प्रदेश में 11 उद्योगों से कोलाबरेशन हुआ जबकि इनका कहना है कि 100 का हुआ । इस सदन में भ्रम फैलाने का यह प्रयत्न करते हैं । अगर वह आज होते तो समझ में आता कि कहां पर सत्यता है ।

देश के विकास में लघु उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है । उद्योग मंत्रालय ने उद्योग अधिनियम में जो संशोधन किया है काफी महत्वपूर्ण है । पूर्व में लघु उद्योग क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली आरक्षित वस्तुओं की संख्या 843 से बढ़ा कर 872 करना एवं सरकारी क्षेत्रों की खरीद के लिये वस्तुओं की संख्या 384 से 404 करना प्रभावी कदम है । इस संबंध में मेरा अनुरोध है कि माननीय उद्योग मंत्री जी इस प्रकार के आरक्षणों का दूना निरीक्षण करा कर और बढ़ाने के बारे में विचार कर लें ।

लघु उद्योग क्षेत्र में पिछले वर्षों में अच्छा कार्य हुआ है । क्योंकि हम लोगों ने 1979-80 में 3.92 लाख उद्योग पंजीकृत किये थे जो 1982-83 में बढ़ कर 5.96 लाख हो गये । उत्पादन मूल्य जो 1979-80 में 21 हजार 635 करोड़ का था वह बढ़कर 1982-83 में 1935 हजार करोड़ हो गया । यह तरक्की हुई उद्योग के मामले में । इससे लगता है लघु उद्योगों में कितना विकास हुआ है । गत वर्ष 82-83 में 79 लाख व्यक्तियों को रोजगार दिलाया । उत्पादन आरक्षण एवं लघु उद्योगों के विकास पर संतोष किया जा सकता है परन्तु इस क्षेत्र में उद्योगों को और तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि देश की तरक्की कुटीर एवं लघु उद्योगों से ही संभव है । आज जापान की औद्योगिक क्रान्ति में उद्योगों की प्रमुख भूमिका है ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री संयद रहमत अली) पीठासीन हुये,]

मेरा माननीय उद्योग मंत्री जी से अनुरोध है कि देश के नये उद्यमियों को विदेशों में स्थापित सफल औद्योगिक इकाइयों के दौरे करने के लिये योजना बनाकर क्रियान्वित करने का कष्ट करें ।

हुकमदेव नारायण यादव जी यहां पर नहीं हैं । वह कल बोल रहे थे । मैं बताना चाहता हूं कि गांधी जी बड़े उद्योग अथवा मशीनरी द्वारा काम किये जाने के विरुद्ध नहीं थे । परन्तु वह चाहते थे कि ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिले जिससे ग्राम स्वावलम्बी बन सकें ।

विदेशी माल का बहिष्कार करते समय भी उन्होंने कहा था कि जो चीज हम अपने देश में बना सकें और वह अनिवार्य हो तो दूसरे देशों से प्राप्त करने में हम संकीर्णता नहीं दिखानी चाहिये । मैं समझता हूं यह बुनियादी नीति है जिनका अमल हमको करना चाहिये । आज हमारी नीति भी यही चल रही है । इसलिये हमने गांधी जी की नीति से कोई विरोध नहीं किया है ।

गांधीजी बड़े उद्योगों के विरोधी नहीं थे । उनका कहना था जो चीज हम ग्रामीण अवस्था में उत्पन्न नहीं कर सकते हैं उन्हें हमें बड़े उद्योग लगा कर पूरा करना चाहिये ।

गांधी जी चाहते थे कि हम ऐसे उद्योग लगावें जिन्हें ग्रामीण व्यक्ति अपने घर पर ही स्थापित कर सकें । इस प्रकार के उद्योगों से वह गांव को स्वावलम्बी बनाना

[श्री घनश्याम सिंह]

चाहते थे जिससे ग्रामीण व्यक्ति को अपनी आवश्यकता की वस्तुओं के लिये शहर की ओर न दौड़ना पड़े । इसी प्रकार के उद्योगों से ग्राम स्वावलम्बी बन सकते हैं । उद्योग मंत्रालय ने इस क्षेत्र में खादी के अतिरिक्त 25 अन्य उद्योगों को आरक्षित कर रखा है परन्तु इन उत्पादित वस्तुओं को भी कुछ मझले एवं आर्गनाइज्ड सेक्टर से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है जिससे इन उद्योगों के बढ़ावे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । (समय की घंटी) मान्यवर, शायद आप मेरे साथ ठीक से न्याय नहीं कर पा रहे हैं । आपने सात मिनट में ही घंटी बजा दी । मेरे पूर्ववक्ता आधा-आधा घंटा बोले हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आप दस मिनट बोल चुके हैं । एक-दो मिनट में खत्म करिये ।

श्री घनश्याम सिंह : मैंने अभी तो अपने प्रदेश की एक बात भी नहीं कही । मैं अभी तो मंत्रालय पर ही बोल रहा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): ठीक है आप शुरू करिये ।

श्री घनश्याम सिंह : उत्पादन मूल्य में और रोजगार दिलाने में आपने बहुत तरक्की की है लेकिन मैं इस संबंध में आंकड़े न दे कर सदन का समय नहीं लेना चाहता ।

मैं आपके माध्यम से इतना कहना चाहता हूं कि देश में आपने काफी तरक्की की है लेकिन उत्तर प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का कार्य अच्छा नहीं रहा है । मैं जो बात कहना चाहता हूं वह यह है कि इन्होंने मेरे गृह जनपद अलीगढ़ में लगभग 6 लाख के निवेश से उद्योग स्थापित किये जो पर्याप्त नहीं हैं । इसलिए उत्तर प्रदेश में खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने की कोशिश की जानी चाहिए ।

गांवों में रहने वाले बढ़ई, लुहार, कुम्हार, सुनार, बुनकर, रस्सा बंटने वाले इत्यादि प्रकार के व्यक्तियों को 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत आर्थिक सहायता दी जा रही है जिसका व्यापक असर पड़ रहा है । परन्तु इसमें कुछ लोग मिलने वाली सहायता का अपव्यय कर रहे हैं तथा कुछ सरकारी कर्मचारी भी इसमें सम्मिलित हो जाते हैं । मैं माननीय उद्योग मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इसे रोकने के लिये वे सख्त कदम उठायें ।

हमारी आदरणीया प्रधान मंत्री जी ने 15 अगस्त, 1983 को लाल किले की प्राचीर से देश के शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को 25,000 रुपये तक की सीमा तक के उद्योग लगाने हेतु वित्तीय सहायता दिलाने की घोषणा की थी । यह गत वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि थी । सन् 1983–84 के वर्ष में 2,30,000 प्रार्थना पत्र दिये गये और 2,18,000 नवयुवकों को बैंकों से ऋण स्वीकृत किये गये । मैं चाहूंगा कि जब सरकार इन लोगों को उद्योग चलाने के लिये ऋण दे रही है तो मैं उद्योग मंत्री जी से यह अनुरोध करूंगा कि जो 25 हजार रुपये आप रोजगार के लिये दे रहे हैं उनको कुछ प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था भी कर दें जिससे इनको दिये गये धन का सदुपयोग हो सके और राष्ट्र का उत्पादन भी बढ़ाया जा सके ।

उद्योग विभाग के अन्तर्गत कुछ उद्योग तो विभाग ने स्थापित किये हैं और कुछ राष्ट्रीयकरण के द्वारा प्राप्त हुये हैं । मैं इनके विषय में ज्यादा न कहते हुये सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि इन उद्योगों के कार्यकलाप में अगर कोई कमी आती है तो उद्योग मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि वे प्रबन्धकों की तरफ भी ध्यान दें और यदि उनमें कोई कमी पायी जाती है तो उनके विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्यवाही करें । लेकिन जो प्रबन्धक अच्छा काम करते हैं उनको पुरस्कार भी दें ।

आज हमारे देश को एच० एम० टी० एवं बी० एच० ई० एल० जैसे उद्योगों पर गर्व है। इनके उत्पादन ऐसे हैं जिनको लोग पसन्द करते हैं। इसलिये मैं चाहूंगा कि आप कोशिश करें कि जितने भी सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योग हैं उनके उत्पादन में वृद्धि हो और जनता की जो मांग है उसका वे उत्पादन करें और उनको प्रसिद्धि मिले। हमारे कुछ मित्रों ने ऐसे उद्योगों के बारे में कहा जिनमें हानि हो रही है। एक तरफ तो यह दबाव डाला जाता है कि उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाय और जिन उद्योगों में अनियमिततायें हैं, भ्रष्टाचार हैं और कुप्रबन्ध है उनको सरकार अपने हाथ में ले ले और दूसरी तरफ इस प्रकार के आरोप लगाये जाते हैं। लेकिन आप जानते हैं कि ऐसे उद्योगों को ठीक करने में कुछ समय लगता ही है। मैं चाहता हूं कि सरकार इन उद्योगों को चलाये ताकि वहां पर जो मजदूर काम करते हैं उनको रोजगार मिल सके। मैं यह कहना चाहूंगा कि जो बीमार उद्योग हैं उनसे लाभ प्राप्त करने में कुछ समय तो लगता ही है। आप इन उद्योगों के विकास के लिये एक समयबद्ध योजना बनायें जिससे एक निश्चित समय के अन्दर इन उद्योगों से लाभ मिलने लगे और ये उद्योग अपने सामाजिक दायित्व को पूरा कर सकें।

गत वर्ष औद्योगिक क्षेत्र में काफी हालत में सुधार हुआ है। गत वर्ष उद्योगों के क्षेत्र में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि इससे पूर्व वर्ष में इसी समय में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आज वह ज्यादा है। यह प्रगति दिसम्बर, 1983 में 5.9 प्रतिशत, जनवरी, 1984 में 8.8 प्रतिशत और फरवरी में 12.3 प्रतिशत हुई है। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। थोड़े समय के बाद ही इसके रिजल्ट्स हमारे सामने आने लगेंगे। आधारभूत क्षेत्र के उत्पाद में जनवरी से मार्च, 1984 में गत वर्ष जनवरी से मार्च, 1983 के मुकाबले 11.8 प्रतिशत की वृद्धि एक अच्छी और संतोषजनक कार्य है। विद्युत उत्पादन में हमने उत्पादन क्षमता का विकास तो कर लिया है; परंतु उत्पादन के स्तर में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जब प्राइवेट सैक्टर में टाटा के पावर हाउस में 90 प्रतिशत उत्पादन क्षमता का उपयोग हो सकता है तो हम सार्वजनिक क्षेत्र में क्यों नहीं कर सकते हैं? आपको अपने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड्स में उत्पादन बढ़ाना होगा। जहां पर बेसिक गलती है उसको ठीक करना होगा तभी हम इस देश में विद्युत का उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में प्राप्त की गई सफलता पर हम निश्चय ही गर्व कर सकते हैं। छठी पंचवर्षीय योजना के आरम्भ में हमारी सीमेंट उत्पादन क्षमता 242.90 लाख मी० टन थी। योजना के अन्त में यह परिकल्पना की गई थी कि क्षमता 430 लाख मी० टन हो जायेगा, परन्तु अब आशा है कि योजना के अन्त में यह क्षमता 442.50 लाख मी० टन हो जायेगी। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। छठी पंचवर्षीय योजना में हम इस लक्ष्य तक पहुंच जायेंगे जिस पर हम गर्व कर सकते हैं। सीमेंट के उत्पादन में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ा एचीवमेंट है।

मेरा इस सम्बन्ध में माननीय उद्योग मंत्री जी से अनुरोध है कि उपभोक्ता को सीमेंट बोरियों में मिलता है। लेकिन वह बोरियों में रिसाव होने के कारण पूरा नहीं मिलता है। इसलिये सीमेंट उद्योग में निश्चयपूर्वक ऐसी बोरियां इस्तेमाल करवायें जिससे रिसाव की कोई गुंजाइश न हो। (**समय** की घंटी) दो मिनट में खत्म किये देता हूं।

हमारे देश में उद्योगों का रुग्ण हो जाना एक विकराल समस्या है। यह सत्य है कि रुग्ण संस्थाओं की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है परन्तु

[श्री घनश्याम सिंह]

इकाई स्थापित होने से रुग्णता का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाये तो प्रतिशत रुग्णता में गिराव आया है । इस विषय में हमें कुछ ऐसे कदम उठाने चाहिये जिससे उद्योग को रुग्ण होने से पूर्व ही पता लगाया जाय तथा उन कमियों को दूर करने के उपाय किये जायें । मेरी राय में उद्योगों के रुग्ण होने के तीन प्रमुख कारण हैं : (1) प्रबन्ध में अव्यवस्था एवं वित्तीय दुरुपयोग, (2) विद्युत की कमी, और (3) उचित समय पर वित्तीय सहायता न मिलना । बहुत से उद्योग घराने अपने उद्योगों में से धन निकालते रहते हैं तथा बाद में रुग्ण घोषित कर बन्द कर देते हैं तथा इन चालाक उद्योगपतियों का मजदूर संगठनों से भी संबंध हो जाता है । उनके द्वारा सरकार पर उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने हेतु दबाव डाला जाता है । इस तरह की गतिविधियों को निश्चित रूप से रोका जाना चाहिये तथा ऐसे उद्योग घरानों को आर्थिक अपराधी घोषित करने हेतु कार्यवाही करनी चाहिये ।

विद्युत आपूर्ति न होने के कारण भी उद्योग रुग्ण हो जाते हैं । इस सम्बन्ध में मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि आप किसी भी प्रकार स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्डों द्वारा विद्युत उत्पादन बढ़वायें । आपके द्वारा कैप्टिव जेनरेटरों पर आर्थिक सहायता दिया जाना एक सराहनीय प्रयास है । मेरी राय में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का दोहन भी इसके लिये किया जाना चाहिये ।

वित्तीय संस्थायें जितना प्रचार सहायता दिये जाने का करती हैं उतना कार्य नहीं करती हैं । मुझे उत्तर प्रदेश के देवबंद में एक हैंडलूम कम्पलेक्स की स्थिति के बारे में जानकारी है । उत्तर प्रदेश सरकार ने एक हैंडलूम कम्पलेक्स वहां स्थापित किया । जिसमें वर्किंग कैपिटल 10 प्रतिशत के मार्जिन पर पंजाब नेशनल बैंक को देना निश्चय हुआ । परन्तु इस बैंक ने आज तक वहां के बहुत से उद्योगों को ऋण नहीं दिया जिससे उस कम्पलेक्स की इकाइयां रुग्ण हो रही हैं । मैंने माननीय वित्त मंत्री जी को इस विषय में लिखा है परन्तु अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है । इसलिये मेरा अनुरोध है कि माननीय मंत्री जी इस पर गम्भीरता से विचार करने का कष्ट करें ।

अब मैं माननीय मंत्री का ध्यान अलीगढ़ की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । अलीगढ़ तालों की नगरी के नाम से विख्यात है । वह उद्योग वहां पर कुटीर उद्योग के तरीके से अपनी पुरानी परिपाटी में चल रहा है । आज देश एवं विदेशों में बहुत तरक्की साइंस और टेक्नोलाजी में हो गई है जिसके कारण हमारे यहां के तालों की स्थिति में कमी आ रही है । इसलिये मेरा माननीय उद्योग मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् द्वारा अलीगढ़ के कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने हेतु प्रोटोटाइप डेवलपमेंट एवं ट्रेनिंग सेंटर अलीगढ़ में स्थापित करा दें जिससे वहां के कारीगर दक्ष हो सकें ।

महोदय, माननीय उद्योग मंत्री 1976-77 में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे । उस समय आप हमारी माननीया प्रधान मंत्री को लेकर सलेमपुर स्थान पर गये थे । और वहां पर पैट्रो केमिकल कम्पलेक्स की स्थापना की घोषणा की थी लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वहां के किसानों की भूमि अधिग्रहीत कर ली है तथा अन्य डेवलपमेन्ट उस भूमि पर कर दिये हैं लेकिन हमारे जनपद का दुर्भाग्य है कि अभी तक इस पेट्रो केमिकल कम्पलेक्स का काम नहीं हो सकता है । जिन लोगों की भूमि ली गई है न उनको मुआवजा दिया गया है और न कुछ और किया गया है । मैं माननीय उद्योग मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे

